वर्ष 6 अंक 129
पृष्ठ 14
जम्मू, शुक्रवार
3 दिसंबर, 2010
महानगर
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

रैना-श्रीसंत को आराम 9
ट्विटर से जुड़ी माधुरी दीक्षित 10

www.jagran.com • जम्मू-कश्मीर • पंजाब • दिल्ली • उत्तर प्रदेश • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

कार्यशाला में पुस्तकालय सजाने का मिल रहा ज्ञान

ट्रेनिंग

• स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की ओर से छह दिनी कार्यशाला शुरू

जम्मू, जागरण संवाददाता : स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आटोमेशन ऑफ लाइब्रेरी पर आधारित इस कार्यशाला का उद्घाटन स्टेट इंस्टीट्यूट के ज्वाइंट डायरेक्टर आरके शर्मा ने किया। इसमें जम्मू संभाग के दस जिलों के हायर सेकेंडरी स्कूल व डाइट केंद्रों के लाइब्रेरियन भाग ले रहे हैं। वहीं, ज्वाइंट डायरेक्टर ने लाइब्रेरी को सुरक्षित व सलीके से सजाने के ज्ञान के लिए इस कार्यशाला को उपयोगी बताया।

लाइब्रेरियन को संबोधित करते हुए दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. एसपी सिंह ने कहा कि यहां से सीख कर हर कोई लाइब्रेरी को अपने तरीके से चलाने का प्रयास तो करेगा, लेकिन अफसोस की बात है कि अभी भी कई पुस्तकालयों में कंप्यूटर नहीं है। वहीं, एनआईसी दिल्ली के राम कुमार ने साफ्टवेयर ईग्रंथालय की जानकारी दी। कार्यशाला में जम्मू यूनिवर्सिटी के अलावा दिल्ली, कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर भी सहयोग दे रहे हैं, जिनमें पीके उपाध्याय, राम मटोरिया, डॉ. मनोहर जोशी, प्रो. संगीता, प्रो. एसपी सिंह शामिल हैं। कार्यशाला का संचालन रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन अजमेर के बीके झा कर रहे हैं।